त्त

प्रभात खबर

कोलकाता, मंगलवार 14.07.2020 09

आइएसएल व आइलीग का आयोजन नवंबर में संभव

कोलकाता. ऑल इंडिया फुटबॉल फेडेरेशन(एआइएफएफ) के महासचिव कुशल दास ने कहा कि एआइएफएफ की योजना आइएसएल व आइलीग को गोवा या कोलकाता में नवंबर में आयोजित करने की है. इसकी वजह है कि इन दोनों शहरों में कई स्टेडियम हैं. उन्होंने कहा कि संभव है कि मैच बिना दर्शकों के खेले जायें क्योंकि फेडेरेशन के लिए खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे अधिक मायने रखती है. द बंगाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित ऑनलाइन सत्र में कोविड के बाद भारतीय फुटबॉल के परिदृश्य पर चर्चा हुई. चेंबर के स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरपर्सन सुब्रत दत्ता ने कहा कि देश की जनता फुटबॉल के भविष्य को जानने की इच्छुक है.